रायगढ़, शुक्रवार
14.04.2017
वैशाख शुक्ल 3
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com | 7 | खेल एक नज़र में ... | 6 | कपिल ... मनोरंजन | » वर्ष-1 » अंक-06 »


## खबर ए खास

### पूर्व मंत्री की बेटी बनी इंटरनेट सनसनी 12लाख चाहने वाले, देती है फिटनेस की प्रेरणा



मीडिया में प्रकाशित समाचारों के मुताबिक सपना पटेल जिस समय किशोरावस्था की दहलीज़ लांघ रही थीं, यानी 19 साल की थीं, उनका वज़न लगभग 86 किलोग्राम था, लेकिन अब वह महज़ 55 किलोग्राम की हैं, और इंस्टाग्राम पर मशहूर फिटनेस ट्रेनर हैं।

### ईफोसिस अपने शेयर धारको को बाटेगा लाभांश




इंफोसिस अपने शेयरधारकों में बांटेगा लाभांश, शेयर पुनखरींद माध्यम से 13,000 करोड़ रुपये! सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस ने आज कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष में वह अपने शेयर धारकों के बीच लाभांश या शेयर पुनखरींद के माध्यम से 13,000 करोड़ रुपये तक का भुगतान करेगी।

### हाजी अली के पास अतिक्रमण मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा



दरगाह ट्रस्ट खुद ही हटाए मुंबई की हाजी अली दरगाह के पास अतिक्रमण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दरगाह ट्रस्ट खुद ही अतिक्रमण हटाए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 8 मई तक 737 वर्ग मीटर इलाके में अतिक्रमण हटाए जाएं, वहीं 171 वर्ग मीटर में बनी मस्जिद में तोड़फोड़ नहीं होगी, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर तोड़फोड़ के लिए बनी स्पेशल टास्क फोर्स की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रस्ट को हाजी अली के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए योजना बनाकर देने को हरी झंडी दिखा दी है।

### सायरा बानो बोलीं यूसुफ बेबी



दिलीप कुमार ने फेसबुक पर पोस्ट किया अपना पहला वीडियों प्यार की कोई उम्र नहीं होती, यह बात तो आपने सुनी ही होगी, लेकिन फिल्मों से लेकर असल जिंदगी तक साथ निभाने वाले दिलीप कुमार और सायरा बानों की जोड़ी इस कहावत को सच करती नजर आ रही है।

### इसने काटा तो गए काम से....



ये हैं भारत के 6 सबसे खतरनाक जहरीले सांप ने काटा तो समझो गए काम से भारत में कई प्रकार के सांप पाए जाते हैं, जिसमें से कुछ जहरीले होते हैं और कुछ नहीं, वैसे सांप देखते ही लोगों के मन में डर बैठ जाता है।

### ईवीएम विवाद



इस पर कांग्रेस के अमरिंदर सिंह और मनीष तिवारी आमने सामने ईवीएम विवाद को लेकर कांग्रेस के भीतर दो खेमे बंटते दिखाई दे रहे हैं, जहां एक तरफपूरा विपक्ष ईवीएम में कथित गड़बड़ी को लेकर एकजुट दिखाई दे रहा है, वहीं कांग्रेस में कुछ पार्टी सदस्य इस मशीन के इस्तेमाल का विरोध कर रहे हैं तो अन्य इसके समर्थन में दिखाई दे रहे हैं।

### मेरठ में एंटी रोमियो अभियान के नाम पर युवती से छेड़छाड़, मंगतेर की पिटाई



शहर में खुद को हिंदू युवा वाहिनी का सदस्य बता रहे करीब आधा दर्जन युवकों ने मंगेतर के साथ स्कूटी में बैठकर घर जा रही युवती के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की और विरोध करने पर मंगेतर की पिटाई की।

### फैक्ट्री में मिला बालक का शव



सातवीं कक्षा के छात्र का शव प्लास्टिक फैक्ट्री में मिला, घर वालों ने लगाया हत्या का आरोप शहर के ग्रामीण इलाके संचेडी में सातवीं कक्षा के एक छात्र का शव एक प्लास्टिक फैक्ट्री के कक्ष में मिला, छात्र के हाथ रस्सी से बंधे थे, पुलिस की जॉच जारी।




फराह खान ने भी दिया टाइगर श्रॉफ का साथ, राम गोपाल वर्मा को कुछ इस अंदाज में सुनाया राम गोपाल वर्मा ने टाइगर श्रॉफ के नशे में बोले गए अपने अपशब्दों के लिए भले ही माफी मांग ली हो और अपनी इस गलती का सारा दोष शराब के ऊपर मड़ दिया हो, लेकिन लगता नहीं कि रामू को अपने इस बर्ताव की माफी इतनी जल्दी मिलने वाली नहीं है।

## सामाजिक न्याय संघ को दिया था - लिखित आवेदन राजभवन के पत्र के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं ?

### समक्ष नोटरी प्रस्तुत किए गए शपथ-पत्र के आधार पर।

**न्यायसाक्षी रायगढ़।** शासन से मान्यता प्राप्त संस्था सोशल जस्टिस् यूनियन के समक्ष प्रस्तुत होकर दिए अपने लिखित आवेदन मय शपथ-पत्र में मालिकराम आ0 श्री कोंदा, उम्र 62 वर्ष







लगभग, निवासी मुकाम पोस्ट गढ़उमरिया, तहसील रायगढ़, जिला रायगढ़,ने कहा कि मैं, घुरउराम एवं हिराउराम सह खातेदार है, और हमारी हक़, स्वत्व एवं कब्जे की पुश्तैनी जमीन रायगढ़ जिले में ग्राम गढउमरिया, प0ह0नं0 23, रा0नि0मं0 पुसौर तहसील रायगढ़, जिला रायगढ़ छ0ग0 में बरसों से है। कहा कि किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोज़ी, गढउमरिया रायगढ़ जो कि शासन से प्रवर्तित इंजीनियरिंग महाविद्यालय है, की स्थापना के समय हमारी जमीन को भी शासन के द्वारा अधिग्रहित किया गया था। उक्त अधिग्रहण के सापेक्ष में हमें बताया गया था कि हमें मुआवज़ा राशि मिलेगी तथा साथ में घर के सदस्य को शासकीय नौकरी भी दी जायेगी, जिसपर हमने अपनी जमीन को कही गई न्यायोचित मुआवज़ा राशि पर,, एवं हम तीन भाईयों के घर से एक सदस्य को नौकरी का लाभ मिलता देख सहमति प्रदान की थीं। उक्त अधिग्रहण की कार्यवाही 2001 में की गई। जिसके बाद से लगातार 16 वर्ष से हम प्रताड़ित हो रहे हैं, क्योंकि हमें अभी तक मुआवज़ा नहीं मिला है, जो कि हमारे लिए बेहद कष्टकारक है। हिराउ राम के पुत्र छोटेलाल को नौकरी दी गई एवं मेरे एवं घुरउराम के पुत्र/पुत्री को नौकरी नहीं दी गई, आज दिनॉक को हम सभी अपने आप को शासन के द्वारा ठगा हुआ सा महसूस करते हैं, अतः यह आवेदन आपके संज्ञान में लाए जाने की आवश्यकता महसूस हुई थी, पुर्व मे भी आवेदन दिया था, जिसपर हमें रमाननीय राजभवन से भी सूचना आई लेकिन हमें मुआवजा अभी तक नहीं मिला, और आज दिनॉक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जो कि हम तीनों भाईयों के कलए जमीन देने के बाद भी बेहद तकलीफ का विषय है। उक्त सम्बंध में हमारे द्वारा निदेशक, किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोज़ी, गढउमरिया रायगढ़ को कई बार लिखित में एवं मौखिक रुप से कार्यवाही करने को कहा लेकिन वे कुछ नहीं करते, कलेक्टर रायगढ़ के द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही, जिससे हम सभी बेहद परेशान हैं, और न्याय के लिए कई सालों से भटक रहे हैं। हमें विदित है कि कार्यालय कलेक्टर भू-अर्जन शाखा रायगढ़ छ0ग0 में मूल चालान क्रमांक 223 दिनॉक 03/02/2014 को राशि 8,88,000/- अक्षरांक आठ लाख अठ्ठासी हजार रुपये जमा किए जा चुके हैं, जिसके बाद भी हमें आज तक मुआवज़ा रकम प्राप्त नहीं हुई है, जो कि हमें मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जाने वाला है। अतः इस स्मरण-पत्र के माध्यम से आपके समक्ष पुनः निवेदन की आवश्यकता हुई, तत्काल प्रभाव से कार्यवाही किया जाकर न्याय प्रदान किए जाने की आवश्यकता है।

**:: सामाजिक न्याय संघ ने प्रकरण की गंभीरता के सापेक्ष में तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रकरण को तत्काल प्रभाव से निम्न को पुनः प्रेषित किया ::**

1/ श्रीमान् राज्यपाल महोदय, राजभवन, छ0ग0 शासन, रायपुर, छ0ग0।
2/ श्रीमान् मुख्यमंत्री महोदय, छ0ग0 शासन, रायपुर, छ0ग0।
3/ श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, छ0ग0 शासन, रायपुर, जिला रायपुर, छ0ग0।
4/ श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज,, जिला बिलासपुर, छ0ग0।
5/ श्रीमान् कलेक्टर, जिला कलेक्ट्रेट, रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0।
6/ श्रीमान् एस0पी0 महोदय, रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0।
7/ श्रीमान् थाना प्रभारी, थाना जूटमिल, रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0।

**जिसपर संघ के द्वारा तत्काल कार्यवाही किए जाने की आशा व्यक्त की गई है।**

## मोदी सरकार करेगी नई पहल



**नईदिल्ली :** गृह मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से खबर है कि केंद्र की मोदी सरकार एक बार फिर नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर लाने पर विचार कर रही है, देश में बढ़ रहे आतंकी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए एक बार फिर से एनसीटीसी को लेकर मोदी सरकार नई पहल कर रही है, आपको याद दिला दें कि मनमोहन सरकार ने भी इस परियोजना को देश में लागू करने की कोशिश की थी, यूपीए सरकार के दौरान एनसीटीसी पर काफी विवाद हुआ था, क्योंकि कई राज्यों ने यह कह कर इसका विरोध किया था कि यह राज्यों के अधिकारों में हनन है, उम्मीद की जा रही है कि केंद्र सरकार नए सिरे से राज्यों को मनाने की कोशिश करेगी,जानकारी के मुताबिक नई पहल के तौर पर इस बार एनसीटीसी में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ेगी और आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान संबंधित राज्यों को विश्वास में लिया जाएगा, हालांकि एनसीटीसी पूरे तरीके से गृह मंत्रालय के अधीन ही काम करेगी और खुफिया एजेंसी आईबी से जुड़े इनपुट को एनसीटीसी के साथ साझा करेगी। एडीजी स्तर का पुलिस अफसर इस सेंटर का प्रमुख होगा जो सीधे गृह मंत्रालय को ही रिपोर्ट करेगा, इस मामले में जिन राज्यों से मतभेद है, उस को सुलझाने के लिए नए तरीके से कवायद की जाएगी, एनसीटीसी में रॉ खुफिया एजेंसी आईबीए जॉइंट इंटेलिजेंस कमेटी और राज्यों की खुफिया एजेंसी के लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा, बताया जा रहा है कि फोन टैपिंग के नियमों में किसी तरीके का कोई बदलाव नहीं होगा। एनसीटीसी को नैटग्रिड से जोड़ा जाएगा लेकिन नैटग्रिड के डाटा चोरी न हो इसके लिए नैटग्रिड का चीफ खुद ही इसके डाटा को एक्सेस आसानी से नहीं कर सकेगा। एनसीटीसी के नियमों के मुताबिक किसी भी आतंकी हमले की सूरत में आतंकी हमले को नाकाम करने के लिए एनसीटीसी आतंकी संगठनों के खिलाफसीधी कार्रवाई कर सकेगी, कार्रवाई करने के बाद ऐसे मामलों की जांच संबंधित राज्यों को दी जाए या फिर एनआईए को इसे लेकर के सभी राज्यों से बात की जाएगी। केंद्र और राज्य के बीच विश्वास की कमी को दूर करने की कोशिश होगी। राज्यों को इस बात के लिए मनाया जाएगा कि आतंकवाद ग्लोबल खतरा है और एनसीटीसी सिर्फ आतंकी खतरों को नाकाम करने के लिए ही बनाई गई है ना की राज्यों के अधिकारों में हनन के लिए। आपको बता दें कि पी चिदंबरम की पहल थी एनसीटीसी, राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र यानि एनसीटीसी मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार की एक महात्वाकांक्षी परियोजना थी, यह तत्कालीन गृहमंत्री पी चिदंबरम की पहल पर गठित हुई थी, इसे 1 मार्च 2012 से अस्तित्व में आना था लेकिन हो न सका क्योंकि देश के कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसकी खुली मुखालफत की और इसे देश के संघीय ढांचे के विरुद्ध बताया था।

## सरकार ने भारतीयों के स्विस खातों की जानकारी पाने के प्रयास तेज किए

**नई दिल्ली:** विदेशों में जमा कालेधन को पकड़ने के अपने



प्रयासों को तेज करते हुए भारत ने हाल के महीनों में स्विट्जरलैंड सरकार को प्रशासनिक सहयोग के लिए 20 अनुरोध भेजे हैं। इनमें कर चोरी करने के लिए स्विस बैंकों का इस्तेमाल करने वाले संदिग्ध भारतीयों की जानकारी मांगी गई है। भारत ने जिन व्यक्तियों और कंपनियों की जानकारी मांगी है, उनमें कम से कम तीन सूचीबद्ध कंपनियों, एक रीयल एस्टेट कंपनी के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी दिल्ली के एक पूर्व नौकरशाह की पत्नी, दुबई में रहने वाले भारतीय मूल के एक निवेश बैंकर, कानून से बचकर भागा एक चर्चित व्यक्ति और उसकी पत्नी, संयुक्त अरब अमीरात स्थित एक होल्डिंग कंपनी और विदेशों में बस चुका और संभवतः ट्रेडिंग करने वाले कुछ गुजराती व्यापारी भी शामिल हैं। संदेह है कि इनमें से कई लोगों के विदेशी बैंकों में स्विस बैंकों में खाते हैं जो पनाम और ब्रिटिश वर्जिन आईलैंड जैसे कर चोरों की पनाहगाह माने जाने वाले क्षेत्रों में पंजीकृत कंपनियों के जारिए परिचालित किए जा रहे हैं। प्रशासनिक सहायता अनुरोध के तहत जामनकारी मांगने वाला देश कुछ तथ्यों और सबूतों के आधार पर सूचनाओं के लिए अनुरोध करता है, इस अनुरोध को स्विटजरलैंड के कानूनों के अनुसार संघीय गजट में प्रकाशित कराया जाता है ताकि संबंधित व्यक्ति चाहे तो उस पर कोई आपत्ति उठा सके।

## बेनामी लेनदेन से निपटने हेतु सख्त कानून का इस्तेमाल

नई दिल्ली: देश में नोटबंदी के सरकार के फैसले के बाद जनधन खातों में बड़ी मात्रा में धन जमा होने की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उन लोगों को चेतावनी दी जो अपने अवैध धन को रखने के लिए गरीब जनता का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे लेनदेन करने वालों के खिलाफ कड़े बेनामी लेनदेन संबंधी कानून लागू किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने लोगों से लेनदेन की नकदी रहित व्यवस्था को अपनाने की अपील की और युवाओं से कहा कि बुजुर्गो और अनपढ़ लोगों को इस बारे में प्रक्रिया समझाने में मदद करें। गत 8 नवंबर को 500 और 1000 रुपये के नोटों को अमान्य करने की घोषणा के बाद अपने पहले शमन की बात रेडियो कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 37 मिनट के प्रसारण में अधिकांश समय इस मुद्दे पर बात की जिस पर विपक्ष हमलावर रुख अख्तियार किए हुए है। नोटबंदी के संदर्भ में उन्होंने कहा अब भी कुछ लोग सोचते हैं कि वे भ्रष्टाचार के जरिये अर्जित या बिना हिसाब वाले अपने कालेधन को अवैध तरीकों से व्यवस्था के अंदर ला सकते हैं। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से वे लोग इस मकसद के लिए गरीबों का दुरुपयोग कर रहे हैं और उनके खातों में पैसा जमा करने के लिए उन्हें गुमराह कर रहे हैं या प्रलोभन दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा बेनामी लेनदेन से निपटने के लिए एक बहुत सख्त कानून लागू किया जा रहा है, जो ऐसे लेनदेन को बहुत मुश्किल बना देगा, सरकार नहीं चाहती कि लोगों को इस तरह की मुश्किलें आए।

## पाकिस्तान दूसरा सरबजीत बना रहा
### कुलभूषण जाधव की फांसी पर बोले रणदीप हुड्डा

**नई दिल्ली:** सोमवार को भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई और इसके बाद से ही पाकिस्तान की इस हरकत पर देश भर में गुस्सा देखा जा रहा है, संसद से सड़क तक गूंज रहे इस मुद्दे पर एक्टर ऋषि कपूर और गायक अभिजीत के बाद अब एक्टर रणदीप हुड्डा ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है, पाकिस्तान में आतंकवाद के आरोप में फांसी चढ़ाए गए सरबजीत सिंह पर बनी फिल्म में सरबजीत में उनकी भूमिका निभा चुके रणदीप हुड्डा ने जाधव को मौत की सजा दिए जाने पर अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर जताया है। कहा पाकिस्तान दूसरा सरबजीत बना रहा है।

## 30 अप्रैल तक आधार से लिंक करें बैंक खाते, वरना होंगे ब्लॉक



**नईदिल्ली :** अगर आपने अपना बैंक अकाउंट आधार कार्ड से लिंक नहीं कराया है, तो जल्द करा लीजिए, बुधवार को आयकर विभाग ने कहा कि जुलाई 2014 से अगस्त 2015 के बीच खोले गए सभी एनआरआई के बैंक अकाउंट, बीमा अकाउंट और स्टोक्स अकाउंट आधार कार्ड से 30 अप्रैल तक लिंक हो जाना चाहिए, अगर खाताधारक ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो उनके अकाउंट ब्लॉक कर दिए जाएंगे खाता ब्लॉक होने पर किसी तरह का लेनदेन नहीं किया जा सकेगा, आयकर विभाग ने कहा कि विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम एफएटीसीए के तहत सभी खाताधारकों 30 अप्रैल तक अपनी केवाईसी जानकारी एवं आधार नंबर बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों को हर हाल में उपलब्ध करा दें, भारत और अमेरिका ने कर चोरी रोकने के लिए एफएटीसीए के तहत 31 अगस्त 2015 को एक समझौता किया है, जिसमें खाता धारकों के वित्तीय लेन-देन की जानकारी एक दूसरे से साझा करने का प्रावधान किया गया है, अभी तक कई एनआरआई के खाते आधार कार्ड से लिंक नहीं हैं।

## पेट्रोल-डीजल के दाम अब रोजाना तय होंगे
### पांच शहरों में पायलट प्रोजेक्ट होगा लॉन्च

**नईदिल्ली :** केन्द्र सरकार की नई तैयारी के चलते 1 मई से देश के 5 शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत प्रतिदिन निर्धारित की जाएंगी, मौजूदा समय में पेट्रोल और डीजल की कीमत 15 दिन के अंतराल पर निर्धारित की जाती है। केन्द्र सरकार की योजना के मुताबिक पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत डेली डायनमिक प्राइसिंग के आधार पर की जानी है, न्यूज एजेंसी राइटर के मुताबिक 1 मई से पुडुचेरी,वाइजैग,उदयपुर जमशेदपुर और चंडीगढ़ में अब पेट्रोल और डीजल की कीमत प्रतिदिन सुबह निर्धारित की




जाएगी। ये शुरूवात पायलेट प्रोजेक्ट के तहत होगी। इन शहरों में यह योजना एक पायलेट प्रोजेक्ट के तहत लागू की जा रही है। इन शहरों में इसकी सफलता के बाद इस योजना को पूरे देश में प्रभावी करने का फैसला किया जाएगा, गौरतलब है कि अभी तक देश में सरकारी तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बाजार और क्रूड ऑयल मार्केट में उतार.चढ़ाव को आधार मानते हुए पर्ति 15 दिन में पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें निर्धारित करती हैं। भारत में सरकारी तेल कंपनियां. इंडियन ऑयलए भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल और डीजल रीटेल का 90 फीसदी कारोबार करती हैं, इन पांच शहरों में इन कंपनियों का लगभग 200 पेट्रोल-डीजल पंप है जो प्रतिदिन सुबह नई निर्धारित कीमत के मुताबिक पेट्रोल और डीजल की बिक्री करेंगी।

## सीबीएसई की किताब में लड़कियों के फिगर पर कमेंट, ट्विटर पर मचा बवाल

**नई दिल्ली:** सीबीएसई के 12वीं के फिजिकल एजुकेशन की किताब में लिखा गया है कि जिन लड़कियों का फिगर 36,24,36 होता है, वो सबसे बेस्ट होती हैं, किताब में छपी ये पंक्तियां सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, लोग इस कंटेंट पर तीखी प्रतिक्रिया दे रहे है, ज्यादातर लोगों के कमेंट में लिखा है कि अगर सीबीएसई के किताबों में ये बातें होंगी तो भला हम अपने बच्चों को क्या सिखाना पढ़ाना चाहते हैं। दरअसल किताब में एक पुरुष और महिलाओं के शारीरिक अंतरों के बारे में बताया गया है

**आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिग होती है।
प्रिंटिग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400